Emphasized Element से भी शब्दों को *तिरछा* किया जाता है लेकिन, एक Emphasized Text का महत्व Italic Text से ज्यादा होता है

Example:- *welcome to Free O level Notes Website (https://www.olevelnotes.com/)*

welcome to Free O level test Website (https://nielitexam.co.in/)

Quotation Tag :-

Q

Quotation tag के जरिये किसी content में quotation लगाने के लिए इस्तेमाल होता है। quotation tag <q>सिंबल से लिखी जाती है

Div tag:-

Div Tag एक container की तरह html में इस्तेमाल होता है जिसमे कई सारे अन्य tags को लिखे जातें हैं। tag एक division tag है जो html पेज को कई section में बांटता है

Span Tag:-

 tag एक inline element है। ये एक container की तरह काम करता है। पर ये उतना ही जगह लेता है जितना इसका content है। इसके बगल में अन्य tag या data को लिखा जा सकता है

Pre element (preformat element):-

Preserve formatting एक विशेष तरह की HTML formatting हैं जिसमे text को यदि लिखा जाये तो वो सामान फॉर्मेट (Same format) में डिस्प्ले (display) होता हैं। इस विशेष फॉर्मेट के लिए HTML <pre>टैग का उपयोग करते हैं

Syntax:-<pre>

……..

……</pre>

Abbreviation and Acronym:-

इस टैग का उपयोग किसी text को संक्षिप्त करने के लिए किया जाता है। किसी text को संक्षिप्त करने के लिए, <abbr>और</ abbr>टैग के बीच उस text को लिखा जाता है।

<abbr titile = “NIELIT”> National Institute of Electronics & Information Technology</abbr> is awesome.

Ins and del:-

Insert Element द्वारा Delete किए गए शब्द की जगह पर अन्य शब्द Define किया जाता है

Delete Element से Document से हटाए गए (Removed) शब्द को Define किया जाता है

Comment

Simple Text Comment

<! – – *comments here* – – >

- **Code inside comment**

<!- –

Important

<p id=”top”>

*Once upon a time, all the birds – the swans, cranes,
*

*parrots, cuckoos, owls, peacocks, doves and the rest of them
*

*decided to meet. They had to discuss a subject of most importance.
*

* – – >*

Mark:-

<Mark>और</ mark>टैग के बीच लिखी गई content ब्राउज़र पर पीले निशान के रूप में दिखाई देगी। इस टैग का उपयोग किसी विशेष text को highlight करने के लिए किया जाता है हाइलाइट का डिफॉल्ट कलर पीला होता है

DFN:-

जब आप<dfn>और</dfn>टैग का उपयोग करते हैं, तो यह content के कीवर्ड को specify करने की अनुमति देता है

Address:-

HTML <address> tag किसी document के author या owner की contact information define करने के लिए use किया जाता है।<address> tag को HTML3 में add किया गया था। HTML3 के बाद के सभी versions में यह tag available है। इसे HTML5 में भी include किया गया है।

Syntax:-

<address>//author email address//author mailing address//author social media profile links</address>

Details:-

<details> tag additional details show करता है जिसे user अपनी इच्छानुसार hide और show कर सकता है। ये tag एक ऐसा widget create करता हैजिसे open और close किया जा सकता है। इस tag में आप किसी भी प्रकार का content डाल सकते है। जैसे की paragraph element, lists और links आदि।

Syntax:-

<details><summary>Heading Here</summary>…Content Here…</details>

BDO:-

BDO का उद्देश्य Bi-Directional Override है। HTML <bdo> Tag का उपयोग वर्तमान पाठ दिशा को Override करने के लिए किया जाता है

Syntax:-

<bdo dir="ltr/rtl">……..</bdo>

TeleType (tt) Tag:-

The teletype element (`and`) renders the enclosed text in teletype font. This means that the text will be monospaced to look like a typewriter font.

Font Element:-

HTML मे font tag के द्वारा paragraph के font को change किया जाता है यानी font tag के मदत से आप अपने text को और भी attractive बना सकते है यह element एक कंटेनर element है इसलिए यह से शुरू होता है और टैग के साथ समाप्त होता है

Syntax:-* ……..text ……*

There are 3 attributes:-

- **Color:**html मे color attribute का use font का कलर change करने के लिए किया जाताहै। इस attribute मे hex code भी लिख सकते है या फिर color का नाम दे सकतेहै
- **Size:**इस attribute के द्वारा आप text का size customize कर सकते है font size का value हमेसा numbers मे दिया जाता है **Minimum font size 1 and Maximum 7. Default size is 3.**
- **Face:**html मे face attribute के द्वारा font की family change की जाती है। यानी हम कौन सा font apply करना चाहते है उसकी जानकारी face attribute मे देते है

Unordered List:-

Unordered List को Tag द्वारा Define किया जाता हैइस Type की List का उपयोग एक प्रकार की सूचना को बिना किसी तय क्रम में दिखाने के लिए किया जाता है Unordered List को Bulleted List भी कहते है क्योंकि List Items के पहले Bullet लग जाते है।

Syntax:-<ul type="attribute">

Note:-Unordered List में type Attribute का इस्तेमाल Bullet Style को Define करने के लिए किया जाता है By Default UL List में List Items केलिए "Circle" का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन, type Attribute की सहायता से हम Circle के अलावा 3 अन्य प्रकार की List Style Type लगा सकते है

Circle, Disc, Square

Ex: –

 Linux

```
    <li>Windows</li>

    <li>Mac</li>

    <li>Android</li>

</ul>
```

Ordered List:-

Ordered List को Tag द्वारा Define किया जाता हैऔर List Item को Element से Define करते है Order List को Numbered List भी कहते है OL का उपयोग एक प्रकार की सूचना को एक Order में दिखाने के किया जाता है OL List में List Items के पहले Number Order से लिखे जाते है

Ex:

```
<ol>

    <li>Linux</li>

    <li>Windows</li>

    <li>Mac</li>

    <li>Android</li>

</ol>
```

Attribute	**Value**
Type	1, A, a, I, i
Start	Any numeric value
Reversed	Reversed

Definition List:-

किसी शब्द या Term विशेष को परिभाषित करने के लिए Definition Lists को बनाया जाता है Definition List को <dl> Tag से Define किया जाता है Definition Term को <dt> और Definition Description को <dd> Element से Define किया जाता है

```
<dl>

    <dt>College</dt>

            <dd>A boring place</dd>
```

```
    <dt>Library</dt>
            <dd>Learn as much as you can</dd>
    <dt>Railway Station</dt>
            <dd>too much croweded</dd>
</dl>
```

Nested Lists:-

Nested List का मतलब होता है, एक List के अंदर अन्य List बनाना सरल शब्दोंमे कहे तो आप एक UL में OL Define कर सकते है और एक OL में UL Define की जा सकती है

```
<h2>A Nested List</h2>
<p>Lists can be nested (list inside list):</p>
<ul>
  <li>Coffee</li>
  <li>Tea
    <ul>
      <li>Black tea</li>
      <li>Green tea</li>
    </ul>
  </li>
  <li>Milk</li>
</ul>
```

Image Element:-

HTML img टैग का उपयोग वेब पेज पर image प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। HTML img टैग एक empty टैग है जिसमें केवल attributes होते हैं, HTML image element में closing टैग का उपयोग नहीं किया जाता है।

Syntax:-<img src=”location border=value height=value width=value vspace=value hspace=value align=alignment alt=text>

Attribute of Image Element:-

SRC:इस Attribute का उपयोग Image के Source यानि URL को Define करने के लिए किया जाता है.

Border:border भी image tag का एक attribute ही है इस attribute का use image को border देने के लिए किया जाता है

Height:इस Attributes का use Image height को Define करने के लिए किया जाता है

Width:इस Attributes का use Image Width को Define करने के लिए किया जाता है

Vspace:इस attribute का उपयोग इमेज के टॉप और बॉटम में स्पेस देने के लिए किया जाता है

Hspace:इस attribute का उपयोग इमेज के लेफ्ट और राइट में स्पेस देने के लिए किया जाता है

Align:इसके द्वारा Image Alignment को Define किया जाता है The options are – left, right, center, top, bottom and middle.

ALT:alt attribute image के लिए एक वैकल्पिक text दिखाता है यदि image प्रदर्शित नहीं होती है, Alt attribute की value शब्दों में image का वर्णन करता है

Example:-<img src="a.jpg" height="145" width="165" hspace=15 vspace=15 align="right" border=2 alt=logo>

Base Tag:-

HTML <base> tag द्वारा किसी HTML document के सभी URLs के लिए base URL specify किया जाता है। इसके बाद आपको पूरा URL लिखने के लिए आवश्यकता नहीं होती है। जब भी आप कोई URL add करते है तो base URL उस URL से पहले automatically prefix कर दिया जाता है।

Syntax:-<base href="base-url" target="_blank">

Anchor Tag:-

Anchor Tag वो होता है, जिसकी मदद से हम अलग अलग Web Pages को Link कर पाते है। आप इसको ऐसे भी समझ सकते है जैसे कि हम एक page को दूसरे page से Connect करते है या Link देते है। इसे Hyperlinks भी बोला जाता है। Hyperlinks किसी भी image या text पर दिया जाता है।

What is Hyperlink?

हाइपरलिंक वेब पेजों के बीच की एक कड़ी है और इसका उपयोग एक वेब पेज को दूसरे वेब पेज से जोड़ने के लिए किया जाता है।

हाइपरलिंक तीन प्रकार के होते हैं-

1. Internal links
2. External or local link
3. Global links

Ex: –**<a>… **

Visit O Level Test website

<a> tag का इस्तेमाल HTML मे link बनाने के लिए किया जाता है, जिसे Anchor Tag कहा जाता है। अगर आप किसी Text को Link देना चाहते है तो आप <a> और के बीच में उस Link को डालेंगे और उसके लिए href attribute का Use किया जाता है।

Anchor Tag Attributes

a. Href b. Name c. Title d. Target e. download f. mailto

href Attribute (Hypertext Reference):-

इसकी सहायता से हम एक प्रकार से link स्थापित कर सकतें है link स्थापित करने केलिए उस link के रूप में हमे उसमें web page address दे सकते है या फिर PDF file दे सकते है या file address दे सकते है

Syntax: – <a href="URL">

- An absolute URL – points to another web site
  Ex: – href="https://nielitexam.co.in/"
- A relative URL – points to a file within a web site
  Ex:- href="page1.html"

Name attribute:-

हमें वेब पेज को किसी भाग पर open कर सकतें इसका निर्धारण इसकी सहायता से कर सकते है। अगर हमारा page लंम्बा है तो हम उस page के नीचे को प्वांइट कर सकते है या फिर उपर को प्वांइट कर सकते है और साथ साथ नाम देकर भी उसको प्वांइट कर सकते है।

- सबसे पहले हमें target document को edit करना होगा और उस page के उस section को नाम देना होगा जिसे हम एंकर element की NAME attribute का उपयोग करके refer करना चाहते हैं।हम इसे निम्न प्रकार से करते हैं-

Syntax:-……..new section…….

- दूसरा, हमें उस नाम को अपने हाइपरलिंक में specify करना होगा, ताकि उस पर क्लिक करने पर हम page के नामित section में पहुंच जाएं। हम इसे निम्न प्रकार से करते हैं-

**Syntax:- link to named section of the same page **

Title attribute:-

इस Attribute से Link को परिभाषित किया जाता है जब आप किसी Link पर माउस को ले जाते है तो यह Title दिखाई देता है

Syntax:-<a href="link" title="description">

***Example:-input devices ***

Target attribute:-

इस attribute की Help से Browser को ये बताया जाता है की Destination Address को किस जगह Open करना है। target attribute में अलग अलग Value दी जा सकती है।

_blank _parent _top Targetframe _self	यह value url को new tab /window पर open करती है। यह value url को parent frame मे open करने का काम करती है। यह value url को पूरी window मे open करती है। link किये गये दस्तावेज़ को named frame मे open करता है। यह value url को same tab /window मे open करती है, जिस window / tab पर आपने url को click किया है। **(this is default)**

Download Attribute:-

आप HTML से Download Link भी बना सकते है Download Links का उपयोग विभिन्न प्रकार की फाईलों को Downloadable बनाने के लिए किया जाता है आप Word, PDF, Videos, Pictures, Audios आदि प्रकार की फाईलों को अपने Users को Download करा सकते है Files को Downloadable बनाने के लिए File का Full Path लिखना पड़ता है

Ex: -<ahref="/images/example.jpg" download="ak_It_Solution_Web_Design_Notes">

Mail To Attribute:-

HTML से आप ईमेल लिंक भी बना सकते है E-mail Link के द्वारा आप Users को सीधे E-mail Programs तक ले जा सकते है

Ex:-Mail Us

Global Link:-

वेब पेज के किसी सेक्शन का लिंक या वेबसाइट के किसी पेज का लिंक बनाने के बजाय, हम पूरी तरह से एक वेबसाइट का लिंक बनाना चाहते हैं, इसे ग्लोबल लिंक कहा जाता है दूसरे शब्दों में, यदि हम जिस HTML document को लिंक करना

चाहते हैं वह इंटरनेट पर कहीं और स्थित है तो हमें एक global लिंक बनाना होगा। ऐसा ग्लोबल लिंक बनाने के लिए, हमें एंकर एलिमेंट में <href> टैग के मान के रूप में वेबसाइट का absolute URL या name specify करना होगा।

***Syntax:- hypertext ***

***Example :- Gmail website ***

HTML TABLES:-

HTML Document में Table Element द्वारा Table Define की जाती है। Opening <table> Tag द्वारा एक Table को शुरू किया जाता है और Closing </table> Tag द्वारा Table का closed किया जाता है। इस Data में Texts, Images, Videos, Links आदि प्रकार का Data शामिल होता है। हम अपनी जरूरत के अनुसार किसी भी प्रकार के Data को Table में Show करा सकते है। हम <table> element, <tr>, <td>, और <th> elements की मदद से tabular form में डेटा display करने के लिए एक table बना सकते हैं। प्रत्येक table में, table row को <tr> टैग द्वारा defined किया जाता है, table header को <th> द्वारा difined किया जाता है, और table data <td> टैग द्वारा defined किया गया है। HTML tables का उपयोग page के layout को manage करने के लिए किया जाता है जैसे header section, navigation bar, body content, footer section आदि।

<Table> tag:-

इस टैग का उपयोग डेटा को Rows और Column में organized करने के लिए किया जाता है। यह एक Container Element है जो <table> टैग से शुरू होता है और </table> टैग द्वारा closed होता है।

Table Tag Attributes:-

- **Border:-**Table में चारों तरफ Border बनाने के लिए Border Attribute का इस्तेमाल किया जाता है यदि आप Table में Border दिखाना चाहते है, तो Value को "1" रखें. और यदि आप बॉर्डर नही दिखाना चाहते है, तो Value को "0" रखें।

Syntax:-<table border=value> ***ex. <table border=5>***

- **Border color:-**इसका उपयोग टेबल के चारों ओर बॉर्डर के color को specify करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<table bordercolor=color name> ***Eg. <table bordercolor=blue>***

- **Heigh:-**इसका उपयोग टेबल की ऊंचाई specify करने के लिए किया जाता है। इसे या तो पिक्सल के रूप में या पेज की ऊंचाई के प्रतिशत के रूप में specify किया जा सकता है।

Syntax:-<table height=value> ***Eg. <table height=60%>***

- **Width:-**इसका उपयोग table की चौड़ाई specify करने के लिए किया जाता है। इसे या तो पिक्सेल के रूप में या page की चौड़ाई के प्रतिशत के रूप में specify किया जा सकता है।

Syntax:-<table width=value> ***Eg. <table width=60%>***

- **Align:-**इसका उपयोग टेबल का अलाइनमेंट सेट करने के लिए किया जाता है. The options are: Left, Right , Center.

Syntax:-<table align=alignment> ***Eg. <table align=center>***

- **Bgcolor:-**इसका उपयोग टेबल का बैकग्राउंड कलर सेट करने के लिए किया जाता है। Syntax:- <table bgcolor=color name> <table bgcolor=cyan>
- **Background:-**इसका उपयोग किसी भी इमेज को टेबल के बैकग्राउंड के रूप में सेट करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<table background=location> ***Eg. <table background=uma.jpg>***

- **Cellspacing:-**इसका उपयोग पिक्सेल के रूप में cells के बीच space को specify करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<table cellspacing=value> ***Eg. <table cellspacing=5>***

- **Cellpadding:-** इसका उपयोग सेल मार्जिन यानी सेल बॉर्डर और सेल contents के बीच की जगह को specify करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<table cellpadding=value> ***Eg. <table cellpadding=5>***

- **Frame:-**इसका उपयोग border attribute के साथ यह specify करने के लिए किया जाता है कि border का कौन सा side display होगा। इसमें निम्न options हैं: **above, below, lhs (left), rhs (right), box (all sides), void (no border), hsides (top and bottom), vside (left and right).**

- **Rules:-**यह border attribute के साथ प्रयोग किया जाता है यह specify करने के लिए कि inside borderका कौन सा side display होगा. इसमें निम्न options हैं: cols (column border), rows (row border), all, none

Caption element:-

इस टैग का उपयोग table के title/headingको define करने के लिए किया जाता है जिसका उपयोग table टैग के अंदर किया जाता है। यह एक कंटेनर element भी है इसलिए यह <caption> टैग से शुरू होता है और </caption> टैग के साथ closed होता है। और इसका attribute align है, जिसका उपयोग कैप्शन को पोजिशन करने के लिए किया जाता है इसमें निम्न options हैं top, bottom, left and right.

Syntax:-<table>

<caption align=”left”> title/heading of table</caption>

</table>

Colgroup:-

<colgroup> टैग फ़ॉर्मेटिंग के लिए table में एक या अधिक columns के group को specify करता है। प्रत्येक row के लिए प्रत्येक सेल के लिए styles को repeat करने के बजाय, <colgroup> टैग पूरे कॉलम में styles को लागू करने के लिए उपयोगी है।

Note:- <colgroup> टैग किसी भी <caption> एलीमेंट के बाद <table> एलीमेंट का चाइल्ड होना चाहिए। इसका attribute span और style होता है।

```
<colgroup>
   <col span=”2″ style=”background-color:red”>
   <col style=”background-color:yellow”>
 </colgroup>
```

Col:-

<col> टैग <colgroup> element में प्रत्येक कॉलम के लिए कॉलम properties specify करता है प्रत्येक row के लिए प्रत्येक सेल के लिए styles को repeat करने के बजाय,<col> टैग पूरे कॉलम में styles को लागू करने के लिए उपयोगी है। इसका attribute span और style होता है।

```
<colgroup>
   <col span=”2″ style=”background-color:red”>
   <col style=”background-color:yellow”>
 </colgroup>
```

<TR> Tag:-

TR element का उपयोग <table> टैग के अंदर किया जाता है और यह table rows को define करता है। यह एक कंटेनर element है इसलिए यह <tr> टैग से शुरू होता है और </tr> से closed होता है।

<tr> tag attribute:-

- **Align:-**इसका उपयोग सेल के content को horizontal alignment सेट करने के लिए किया जाता है। It can have values- left, right, center.

Syntax:-<tr align=alignment> ***Eg. <tr align=center>***

- **Valign:-**इसका उपयोग सेल के content को vertical alignment सेट करने के लिए किया जाता है। It can have values- top, middle, bottom.

Syntax:-<tr valign=alignment> ***Eg. <trvalign=bottom>***

- **Bgcolor:-**इसका उपयोग rows का बैकग्राउंड कलर सेट करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<tr bgcolor=color name> ***Eg. <tr bgcolor=yellow>***

- **Background:-** इसका उपयोग किसी भी image को उस row की background के रूप में सेट करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<tr background=location> ***Eg. <tr background=umalogo.jpg>***

- **Height:-** इसका उपयोग row की height set करने के लिए किया जाता है। इसे पिक्सल के terms में specified किया जा सकता है।

Syntax:-<tr height=value> ***Eg. <tr height=50>***

TD, TH Tag –

<TD> Tag:-

Td element <TR> टैग के अंदर है और टेबल कॉलम को defines करता है। यह एक कंटेनर element है इसलिए यह <TD> टैग से शुरू होता है और </TD> के साथ closed होता है table में column की संख्या TR element के अंदर TD element की संख्या पर निर्भर करती है।

<TH> Tag:-

Table heading को <th> टैग का उपयोग करके defined किया जा सकता है। हम इस टैग का उपयोग तब करते हैं जब हमें टेबल कॉलम में कुछ हेडिंग टेक्स्ट लिखने की आवश्यकता होती है।

<th> and <td> tag attribute:-

Notes:-Align, Valign, bgcolor, background का उपयोग <tr> टैग attribute के समान ही किया जाता है।

- **Width:-**इसका उपयोग कॉलम की चौड़ाई set करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<td width=value> Eg. <td width=50>

- **Rowspan:-**इसका उपयोग cells को row के अनुसार मर्ज करने के लिए किया जाता है। हम मर्ज करने के लिए cells की संख्या specify करते हैं।

Syntax:-<td rowspan=number> Eg. <tdrowspan=3>

- **Colspan:-**इसका उपयोग cells को कॉलम के अनुसार मर्ज करने के लिए किया जाता है। हम मर्ज करने के लिए cells की संख्या specify करते हैं।

Syntax:-<td colspan=number> Eg. <td colspan=2>

Marquee Element:-

इसे स्क्रॉलिंग एलिमेंट के रूप में भी जाना जाता है, मार्की एलिमेंट का उपयोग वेब पेज में कहीं भी स्क्रॉलिंग टेक्स्ट डालने के लिए किया जाता है इस element के टैग का भी एक नाम 'मार्की' है और यह कंटेनर element है इसलिए यह <marquee> टैग से शुरू होता है और </marquee> टैग के साथ closed होता है।This tag has many attributes to define.

Syntax:-<marquee bgcolor=color name direction=direction behavior=begavior height=heigh width=width vspace=value hspace= value loop=loop scrollamound=value> text</marquee>

Marquee attribute:-

- **Bgcolor:-** यह attribute मार्की टेक्स्ट के बैकग्राउंड कलर को specify करती है। Default background color is white.
- **Direction:-**यह attribute मार्की टेक्स्ट के flow की direction specify करती है। The options are left, right, up or down.
- **Behavior:-** यह attribute specify करती है कि मार्की टेक्स्ट किस तरह से आगे बढ़ना चाहिए। Options are scroll (one direction endlessly), slide (one direction one time) and alternate (both directions endlessly)
- **Height:-** यह attribute मार्की area की height बताती है। यह मार्की टेक्स्ट की height नहीं बदलता है। इसके बजाय, यह उस क्षेत्र को defines करता है जिसके भीतर मार्की टेक्स्ट ऊपर या नीचे जाएगा. इसे पिक्सल या पेज साइज के प्रतिशत में specified किया जा सकता है।
- **Width:-**यह attribute मार्की area की चौड़ाई बताती है। यह मार्की टेक्स्ट की चौड़ाई नहीं बदलता है, इसके बजाय, यह उस क्षेत्र को defines करता है जिसके भीतर मार्की टेक्स्ट बाएं या दाएं move होगा. इसे पिक्सल या पेज साइज के प्रतिशत में specified किया जा सकता है।
- **Vspace:-** यह attribute मार्की टेक्स्ट के चारों ओर vertical spaceकी मात्रा specifies करता है।
- **Hspace:-** यह attribute मार्की टेक्स्ट के चारों ओर horizontal spaceकी मात्रा specifies करता है।

- **Loop:-**यह attributespecifies करता है कि वेब पेज पर मार्की टेक्स्ट को कितनी बार मूव करना चाहिए।
- **Scrollamount:-** यह attribute मार्की टेक्स्ट की गति की speed specifies करता है। यह numbers में specified है। नंबर जितना अधिक होगा टेक्स्ट उतना ही fast होगा।
- **Scroll delay:-**HTML में मार्की scroll delay attribute का उपयोग मिलीसेकंड में प्रत्येक स्क्रॉल movemen के बीच के अंतराल को सेट करने के लिए किया जाता है The default value of Scrolldelay is 85.

Note:-60 से कम value accept नही होती है जब तक कि real speed specified न हो

Syntax:<marquees scrolldelay=number>

- **Stop mouse click:-** हम मार्की को hover करके या कर्सर के साथ मार्की पर क्लिक करकेरोकते हैं। मार्की को रोकने के लिए, हम stop(); का उपयोग करते हैं। और इसे फिर से शुरू करने के लिए, हम this.start(); का उपयोग करते हैं।

Example:-<marquee behavior="scroll" direction="right" onmouseover="this.stop();" onmouseout="this.start();">Welcome to AK IT SOLUTION YouTube Channel & It's Websites !</marquee>

HTML Frames:-

अगर हम किसी web page को section मे divide करना चाहते है। तो<frameset> tag का use कर सकते है और divide किये गये sections को HTML frames भी कह सकते है। और हर section अलग अलग web page को represent करता है। किसी एक frame में आप header create कर सकते है तो किसी दूसरे frame मेंआप menus create कर सकते है। और इसी प्रकार से एक web page को footer बनाया जाता है और दूसरे web page को main window की तरह दिखाया जाता है।

Frameset tag:-
जब हम frames का use करते है तो<body> tag का use नहीं करते है। और किसी भी web page में frames बनाने के लिए हम <frame> tag का use कर सकते है

फ्रेम definition document बनाने के लिए, आप <फ्रेमसेट> टैग का use करते हैं। फ्रेमसेट एक कंटेनर element है इसलिए यह <frameset> से शुरू होता है और </frameset> टैग के साथ closed होता है।

<frameset attributes>

Frame description

</frameset>

frameset Tag attributes –

<frameset> Tag attributes:-

- **Cols:-**cols attribute के द्वारा columns बनाये जाते है अर्थात आप कितने columns का frameset create करना चाहते है इसकी value cols attribute मे देते है और इसके साथ columns की size भी define की जाती है।

Example:-<frameset cols="50%, 50%>

- **Rows:**row attribute का use web page को frames मे divide करने के लिए किया जाता है अर्थात हम web page को कितने भागो मे divide करना चाहते है इसकी value row attribute मे देते है।

Example:-<frameset rows="50%, 50%>

- **Border:-**यह Attribute Frames के लिए Border की Width को Specifies करता है।

Example:-<frameset border=14>

- **Border color:-**यह attribute बॉर्डर का colorSpecifies करता है जिसे color name के रूप में specified किया जाता है।

Example:-<frameset border=14 bordercolor=red>

- **<Frame> Tag:-**

फ्रेम एक empty element है इसलिए इसे <frame> टैग का use करके इसकी attribute के साथ defined किया जाता है। इसका उपयोग HTML document को "SRC" attribute का उपयोग करके एक फ्रेम में display करने के लिए specify करने के लिए किया जाता है।

Syntax:-<frame src="html source file name">

<frame> tag attributes:-

- **Name:-**FRAME element की name attribute फ्रेम के लिए एक unique namedefined करती है।
- **SRC:-**यह एक फ्रेम में display करने के लिए document के URL को specify करता है।
- **Frameborder:-**इसका उपयोग फ्रेम बॉर्डर के डिस्प्ले को ON या OFF करने के लिए किया जाता है। यह attribute दो मान लेता है 1 या 0. जहाँ 0 का अर्थ है कि कोई Frame border नही है और 1 का अर्थ है कि frame border display होगा।
- **Noresize:-**noresize attribute यह specify करता है कि users द्वारा <frame>element का size नहीं बदला जा सकता है। यह attribute कोई value नहीं लेता है।
- **Scrolling:-**यदि फ़्रेम का size अपने content को display करने के लिए बहुत छोटा है, तो ब्राउज़र स्क्रॉलबार को ऊपर, नीचे, दाएं या बाएं ले जाने के लिए लाता है। इस attribute का उपयोग स्क्रॉलबार के display को on या off करने के लिए किया जाता है। यह तीन value लेता है।

Auto:- Scrollbars appear if needed (this is default)

Yes:- Scrollbars are always shown

No:- Scrollbars are never shown

- **Marginheight:-**यह attribute पिक्सेल में content और फ्रेम के ऊपर और नीचे के बीच की height को specify करता है।

Syntax:-<frame marginheight="pixels">

- **Marginwidth:-**यहa ttribute पिक्सेल में content और फ्रेम के बाएँ और दाएँ के बीच की width को specify करती है।

Syntax:-<frame marginwidth="pixels">

Iframe:-

<iframe> tag में inline frames को create करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसकी मदद से current HTML Document पर दूसरा HTML Document embed किया जाता है।

<iframe> tag को HTML document के body के अन्दर दिया जाता है। **Iframe** का use एक ही page में किसी दूसरे webpage को add करने के लिए किया जाता है। इसकी सबसे बड़ी advantage यह है की iframes को **webpage** में किसी भी position में add किया जा सकता है।

Note:- आप किसी दूसरे की site भी Iframes के जरिये अपने webpage में show करवा सकते हो।

Iframe tag को HTML में <iframe> द्वारा define किया जाता है।

Syntax:-<iframe src="URL/path"></iframe>

Iframe Tag Attribute:-

1. Src :- Specifies the address of the document to embed in the <iframe>
2. Name :- Specifies the name of an <iframe>
3. Height :- Specifies the height of an <iframe>. Default height is 150 pixels
4. Width :- Specifies the width of an <iframe>. Default width is 300 pixels
5. Srcdoc :- Specifies the HTML content of the page to show in the <iframe>

HTML Forms:-

HTML form यूजर साइड से डाटा को लेकर सर्वर पर सेंड करने के लिए उपयोग किये जाते हैं। HTML form डाटा को कलेक्ट करने के लिए उपयोग किये जाते हैं आपको Websites में HTML Forms कई रूपों में मिल जाऐंगे। आप इन्हे Sign Up Forms, Log in Forms, Payment Details Forms, Survey Forms आदि के रूप में देख सकते हैं। HTML Forms को Form Element द्वारा Define किया जाता हैं। Form एक Container Tag की तरह काम करता हैं। जिसके अंदर अन्य Form Elements को Define करके Forms को बनाया जाता हैं। जब आप कोई रजिस्ट्रेशन करते हैं या कोई फॉर्म भरते हैं तो तब आपके सामने बहुत से fields आते हैं जैसे name, father name , mobile , qualification आदि हैं उन फ़ील्ड्स को भरकर जब आप सबमिट बटन पर क्लिक करते हैं तो डाटा सर्वर पर स्टोर हो जाता हैं। HTML form को बनान बहुत ही आसान होता हैं बस आपको

इसके elements के बारे में पता होना चाहिए।

<FORM> Tag:-

किसी भी web page में form create करने के लिए<form> tag का use किया जाता है। यह एक तरह से container होता है जो HTML form का starting and ending होता है। form tag के अंदर सारे tag आते है। पर form tag के कुछ attributes भी होते है। जैसे action , method , target etc.

Form Tag Attribute –

There are different attributes of the form tag

1. Action attribute
2. Method attribute
3. Target Attribute

Action attribute:-

इस attribute से आप यह define कर सकते है कि form submit होने के बाद क्या होना चाहिए। जैसे form submit करते ही आप thank you का message show कर सकते है या php की कोई script execute कर सकते है।

<form action="some.php">

Method Attribute

इस attribute के द्वारा data store किया जाता है यानी data किस method से होकर जाएगी इस attribute मे define किया जाता है और method attribute मे केवल 2 ही values पास किया जाता है। GET या POST

- GET (default)
- POST

Note:- get value में response के तौर पर पूरा URL दिखाई देता है जबकि पोस्ट में URL दिखाई नहीं देता है।

<form action="some.php" method = "POST">

Target Attribute

इस attribute का use तब होता है जब form submit होता है। अर्थात form submit होने के बाद कौन सा page open होगा। इसे हम target attribute मे define करते है।

_**self :-** The result will be displayed in same tab. It is default value.

_**blank :-** in new tab

_**top :-** in the entire browser window i.e. "*breaks out of all frames*".

_**parent :-** in the parent of the current frame.

Example: <form target="_blank">

Input Elements:-

यह एक empty element है इसका used फॉर्म में एक इनपुट फ़ील्ड provide करने के लिए किया जाता है जहां users डेटा enter कर सकता है एक इनपुट फ़ील्ड में text field, checkbox, radio button आदि हो सकता है।

The INPUT element has the following attributes:

1. **Type:-** इस attribute का use type के लिए किया जाता है अर्थात user से किस तरह का input लेना है इसे हम type attribute मे define करते है– text, password, radio button, checkbox, push button, etc.
2. **Name:-** इस attribute का use एक particular नाम देने के लिए किया जाता है बाद में इसी नाम को server पर values store करने के लिए use किया जाता है।
3. **Value:-** इस attribute से <input> tag पर default value set की जाती है।
4. **Size:-** इस attributes की मदद से input field की width को specifies कर सकते है। इसकी value number मे दी जाती है। **इसकी default value 20 होती है**। Size attributes **text, search, tel, url, email, and password** इस input types के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
5. **Maxlength:-** इस attributes की मदद से input field मे maximum कितने characters को allowed करना है ये specified कर सकते है।
6. **Readonly:**– इस attribute की मदद से दिया हुआ <input> tag सिर्फ read किया जा सकता है, लेकिन उस पर write नहीं किया जा सकता है।
7. **Disabled:**– इस attributes की मदद से input field को disabled किया जाता है।
8. **Placeholder:**– इस attribute से <input> और <textarea> element के लिए simple text hint दी जाती है *Placeholder attribute input types जैसे की text, search, url, tel, email, and password के साथ work करता है।*
9. **Required:-** Required Attributes की मदद से input field को अनिवार्य बनाया जाता है। अर्थात इसमें Value अवश्य देनी पड़ती है इसके बिना वह form को submit नहीं कर सकता।
10. **Autofocus:-** जब page load होता है तब autofocus attribute की मदद से input field automatically focus रहता है।
11. **autocomplete:** इसका value ” on” या ” off” हो सकता है। जब user इनपुट फ़ील्ड में टाइप करना शुरू करता है, तो यह पहले टाइप किए गए टेक्स्ट को predicts करता है।

Input types Attributes:-

यह इनपुट element के type को indicates करता है। यह एक empty टैग है इनपुट की डिफ़ॉल्ट value text है।

Ex: -<input type=“text”>

- **Text–** यह single-line टेक्स्ट फ़ील्ड को defines करता है।
  <input type=“text”>
- **Password–** एक पासवर्ड फ़ील्ड टेक्स्ट फ़ील्ड की तरह है, अंतर यह है कि यह control प्रत्येक टाइप किए गए character को character के बजाय asterisk(*) या बुलेट () प्रदर्शित करके hide करता है।
  <input type=“password”>
- **Button–** जब कोई users बटन पर क्लिक करता है तो स्क्रिप्ट को active करने के लिए इसका उपयोग वेब फॉर्म पर एक बटन जोड़ने के लिए किया जाता है।

<input type=”button” onclick=”alert(‘welcome to AK IT SOLUTION’)” value=”click me”>

- **Email–** इस फ़ील्ड का उपयोग किसी ईमेल address या ईमेल address की list को किसी form में जोड़ने के लिए किया जाता है, इनपुट format nielitexam2019@gmail.com जैसा ईमेल होना चाहिए अन्यथा यह एक error का संकेत देगा।
  <input type=“email”>
- **Check Box–** एक चेक बॉक्स एक छोटा बॉक्स होता है, जिसमें selected होने पर एक चेकमार्क शामिल होता है। इसका उपयोग उपयोगकर्ता को वेब पेज पर उपलब्ध विकल्पों में से एक या एक से अधिक विकल्पों का चयन करने की अनुमति देने के लिए किया जाता है। कोई उपयोगकर्ता चेक बॉक्स को क्लिक करके उसे select या clear कर सकता है

<input type=“checkbox”>

- **Radio Button–** रेडियो बटन का उपयोग विकल्पों की एक series बनाने के लिए किया जाता है जिसमें से केवल एक का चयन किया जा सकता है इसे एक circle के रूप में display किया जाता है जिसे select किये जाने पर बीच में एक बिंदु प्रदर्शित करता है

<input type="radio">

Note:- Checkbox and Radio Button is used to Checked Attributes.

- **URL-** URL फ़ील्ड का उपयोग केवल वेब address को उनके सही format में enter करने के लिए किया जाता है यदि URL सही format में enter नहीं किया गया है तो URL फ़ील्ड वेब address enter करने के लिए टेक्स्ट फ़ील्ड को validate करता है।
  <input type="url">
- **Autofocus–** माउस पॉइंटर का फोकस इनपुट फील्ड पर रखने में मदद करता है
- **Pattern–** टेक्स्ट की regular expression को defines करता है जिसे टेक्स्ट फ़ील्ड में enter किया जाना चाहिए।
- **Search Box–** इसका उपयोग किसी form में search बॉक्स जोड़ने के लिए किया जाता है।
  <input type="search">
- **Tel-** टेलीफ़ोन नंबर enter करने के लिए tel type एक-पंक्ति plain-text edit को represents करता है।
  <input type="tel">
- **Range-** रेंज इनपुट limited range के numerical values के इनपुट को represents करता है।
  <input type="range">
- **Number-** Number का उपयोग टेक्स्ट बॉक्स को मान्य करने के लिए केवल तभी किया जाता है जब फ़ील्ड के भीतर value numerical value हो।
  <input type="number">
- **File–** इसका उपयोग वेब पेज पर फाइल अपलोड करने के लिए किया जाता है।

<input type="file" accept="audio/*" multiple> <!… accept="audio, video, image …>

- **Image–** image attribute के द्वारा फार्म मे इमेज का बटन बनाने के लिए किया जाता है
  <input type="image" src="subscribe.jpg">
- **Submit–** सबमिट बटन का उपयोग फॉर्म डेटा को <form action> टैग में specifiedURL पर transfer करने के लिए किया जाता है

<input type="submit">

- **Reset Button–** एक Reset button users को टेक्स्ट फ़ील्ड में enter किए गए सभी डेटा को clear करने में सहायता करता है

<input type="reset">

- **Date–** इसका उपयोग इनपुट फ़ील्ड के लिए किया जाता है जिसमें एक तिथि होनी चाहिए

<input type="date">

- **Time–** It allows the user to select a time.
  <input type="time">
- **Datetime-local–** यह users को date और time का चयन करने की अनुमति देता है

<input type="datetime-local">

- **Month–** यह users को एक month और year का चयन करने की अनुमति देता है।

<input type="month">

- **Week–** यह users को एक सप्ताह और year का चयन करने की अनुमति देता है।
  <input type="week">
- **Color–** इसका उपयोग इनपुट फ़ील्ड के लिए किया जाता है जिसमें एक color होना चाहिए.
  <input type="color">

Text Area:-

टेक्स्ट एरिया एक मल्टीलाइन टेक्स्ट फील्ड है। एक users टेक्स्ट area में unlimited number में characters लिख सकता है।

<textarea>……</textarea>

Attribute	Value	Description
cols	number	टेक्स्ट area की visible widthspecify करता है
disabled	disabled	इस attributes की मदद से input field को disabled किया जाता है।
maxlength	number	इसके द्वारा यह स्पेशिफाई किया जाता है कि इसमें अधिकतम कितने कैरेक्टर्स आयेगें
name	text	इस attribute का use एक particular नाम देने के लिए किया जाता है
placeholder	text	इस attribute से<textarea> element के लिए simple text hint दी जाती है
readonly	readonly	इस attribute के साथ दिया हुआ<input> tag सिर्फ read किया जा सकता है, लेकिन उसपर write नहीं किया जा सकता है
required	required	Required Attributes यह दर्शाता है की input field मे Value अनिवार्य है
rows	number	टेक्स्ट area में दिखाई देने वाली lines की संख्या specify करता है

Select Tag (Drop down box):-

HTML select tag का उपयोग बहुत सारे options (item list) देने के लिए किया जाता हैं। जैसे हम किसी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करते हैं तो वहां पर एक field होता हैं जिस पर क्लिक करने से पूरी लिस्ट options (item list) खुल जाती हैं। जिनमे से कोई भी option को select कर सकते हैं

Attribute	Value	Description
disabled	disabled	Specifies that a drop-down list should be disabled
multiple	multiple	यह स्पेशिफाई करता है कि एक साथ कई विकल्पों का चयन किया जा सकता है
name	name	Defines a name for the drop-down list
required	required	Specifies that the user is required to select a value before submitting the form
size	number	Defines the number of visible options in a drop-down list

Option Tag:-

<option>……</option><select>……..</select>element के अंदर टैग ड्रॉप डाउन सूची में एक विकल्प को परिभाषित करते हैं।

```
<select>
    <option>……..</option>
    <option>……..</option>
</select>
```

Attribute	Value	Description
disabled	disabled	Specifies that an option should be disabled
label	text	किसी विकल्प के लिए छोटा लेबल specifie करता है
selected	selected	यह स्पेशिफाई करता है कि पेज लोड होने पर एक option पूर्व -चयनित होना चाहिए
value	text	Specifies the value to be sent to a server

Optgroup Tag:-

<optgroup> tag को drop-down list में related options को समूहित करने के लिए उपयोग किया जाता है। यदि आपके पास options की एक long list है, तो users के लिए related options के group को संभालना आसान है।

```
<select>
```

```
    <optgroup>
        <option>……</option>
    </optgroup>
    <optgroup>
        <option>……</option>
    </optgroup>
</select>
```

Attribute	Value	Description
disabled	disabled	Specifies that an option-group should be disabled
label	text	Specifies a label for an option-group

Datalist tag:-

किसी<input> element में predefined options define करने के लिए HTML5 आपको <datalist> tag provide करती है। <datalist> tag input elements के लिए autocomplete feature की तरह काम करता है। इससे input तेजी से प्राप्त करने में मदद मिलती है और user experience भी improve होता है। कई बार user अनजाने में incorrect information input कर देता है। Incorrect information से कई प्रकार की समस्या generate हो सकती है। <datalist> tag द्वारा आप user को correct information input करने में मदद करते है। जब भी user कोई input type करने का प्रयास करता है तो पहले से define किये गए options की list show हो जाती है। इस list में से user उस option को choose करता है। इस प्रकार आप user द्वारा होने वाली typing mistakes से बच जाते है।

Note:- सभी browsers <datalist> tag को support नहीं करते है। Apple Safari और Internet Explorer के द्वारा ये tag support नहीं किया जाता है। दूसरे browsers के भी पुराने versions में यह element support नहीं करता है।

Example:-

```
<form>
<input type=”text” name=”CountrySearch” list=”CountryList”>
<datalist id=”CountryList”>
<option value=”America”>
<option value=”Russia”>
```

<option value=”China”>

<option value=”India”>

</datalist>

</form>

Label:-

जब हम **HTML Form** Create करते हैं, तब ये जरूरी होता है कि हम हर Control को एक उचित Label प्रदान करें, ताकि User उस Control की जरूरत वाले Data को ठीक तरह से जान सके और उचित Data प्रदान कर सके। यदि एक Form के Control User को सही व उचित तरीके से ये जानकारी नहीं दे पाते हैं कि उन्हें किस तरह के Data की जरूरत है, तो User कभी भी सही Data Input नहीं कर सकता।

Syntax:- **<label for=“element_id”>**

Attribute of <label>

for :- इस attribute का उपयोग उस element की आईडी specify करने के लिए किया जाता है जिससे लेबल जुड़ा हुआ है।

Label:-

जब हम **HTML Form** Create करते हैं, तब ये जरूरी होता है कि हम हर Control को एक उचित Label प्रदान करें, ताकि User उस Control की जरूरत वाले Data को ठीक तरह से जान सके और उचित Data प्रदान कर सके। यदि एक Form के Control User को सही व उचित तरीके से ये जानकारी नहीं दे पाते हैं कि उन्हें किस तरह के Data की जरूरत है, तो User कभी भी सही Data Input नहीं कर सकता।

Syntax:- **<label for=“element_id”>**

Attribute of <label>

for :- इस attribute का उपयोग उस element की आईडी specify करने के लिए किया जाता है जिससे लेबल जुड़ा हुआ है।

Button Tag

हम <button> टैग का उपयोग करके बटन की appearance को customize कर सकते हैं।

<button>.....</button>

Attribute	Value	Description
name	name	Specifies a name for the button
type	button reset submit	Specifies the type of button
value	text	Specifies an initial value for the button

Fieldset:-

<fieldset> tag का use एक form में related element को समूहित करने के लिए किया जाता है। <fieldset> related element के आस पास एक box draws करता है।

<fieldset>……</fieldset>

Legend

यह टैग फ़ील्डसेट element के लिए एक कैप्शन को defines करता है।

```
<fieldset>
    <legend>…….</legend>
</fieldset>
```

HTML 5:-

HTML5 HTML का Latest Version है। HTML Programming Language नही है यह एक Markup Language है HTML5, HTML का एक advanced रूप है HTML5, में HTML से ज्यादा Attributes है HTML5 एक प्रकार की कंप्यूटर की Language है इसका प्रयोग Website के Webpage बनाने के लिए किया जाता हैकिसी भी Website को बनाने के लिए कुछ चीज़े प्रमुख होती है जैसे के HTML5, CSS, JAVASCRIPT और भी कई प्रकार की Languages प्रयोग की जाती है Website बनाने में HTML5 का प्रयोग सबसे ज्यादा किया जाता है।

Features of HTML 5:-

- HTML 5 में नए मल्टीमीडिया फीचर्स पेश किए गए हैं जो ऑडियो और वीडियों कण्ट्रोल को सपोर्ट करते हैं इसके लिए <audio> और <video> टैग का उपयोग किया जाता है।
- इसमें वेक्टर ग्राफिक्स और टैग सहित नए ग्राफिक्स Element को जोड़ा गया है।
- <header>, <footer>, <article>, <section> और <figure> आदि को शामिल किया गया है।
- यह circle, rectangle, triangle आदि विभिन्न चित्र को बनाने की अनुमति प्रदार करता है।
- इसको declare करने के लिए <!doctype html> का प्रयोग करना पड़ता है।
- इसमें encoding character के लिए <meta charset="UTF 8"> का उपयोग किया जा सकता है।

HTML 5 Tag:-

1. <nav> tag:-

<nav> टैग का उपयोग documents में **navigation link** को define करने के लिये किया जाता है Navigation website का एक महत्वपुर्ण element होता है। इसे navigation bar भी कहा जाता है। Navigation में website के दूसरे important pages की links होती है। ये किसी website की core design का हिस्सा होता है।

Syntax:-

<nav>

*** Hyper text 1***

< a href="path of a file"> hyper text 2

</nav>

2. <article> Tag:-

एक website में header, footer और sidebar आदि अलग अलग pages पर same हो सकते है। लेकिन article हर page पर unique होता है। Article किसी website का वह section होता है जिसमें main content होता है और जो user के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। आपकी website के इसी section के base पर आपको search engines में ranking मिलती है।

Syntax:-<article attributes> article text </article>

3. <aside> Tag:-

HTML5 के <aside> tag में ऐसे content को show किया जाता है जो आस पास के content से related होता है। इस tag को ज्यादातर sidebar के रूप में उपयोग किया जाता है। इस tag को tag के अंदर define किया जाता है। <aside> tag को <article> tag में भी define किया जाता है। उस situation में इस tag में article से related content show किया जाता है।जै से की कोई ऐसी बात जिस पर aritcle में ज़ोर दिया गया हो एक quote के रूप में show की जाती है। <aside> tag का behaviour tag की तरह ही होता है और use करने पर दोनों same ही लगते है। लेकिन इनका मतलब अलग अलग होता है। Div केअंदर का content जरुरी नहीं की main page content से related हो। लेकिन <aside> tag का content main page content से related होता है।

<aside> element can be used for any of the following

- Bibliography
- Comments
- Pull quotes
- Editorial sidebars
- Additional information

Syntax:- <aside attributes> contents…… </aside>

HTML 5 Tag:

4. Audio Tag:-

<audio> टैग का उपयोग ऑडियो को HTML फ़ाइल में play करनेके लिए किया जाता है

There are 3 Supported Format : mp3, wav and ogg

Attribute	Value	Description
autoplay	autoplay	html page load होते ही या फिर html page refresh होते ही, उसमे लगी audio file automatic play हो, उसके लिए autoplay attribute लगायी जाती है |
controls	controls	augio file को html में run होने के लिए controls attribute लगाना जरुरी होता है | इसके बिना audio tag काम नहीं करेगी|(such as a play/pause button etc)
loop	loop	loop attribute से audio file बार बार चलता रहेगा |
muted	muted	इस attribute से audio file mute होकर play होगी | आप sound option पे click करके इसे volume दे सकते हैं |
src	URL	Specifies the URL of the audio file
Type	Mpeg	Determines the type of audio file.

Syntax:-<audio attributes>

<source src="audio filename" type="file type">

</audio>

5. Video tag:-

video tag html5 की एक नयी tag है। html में किसी video file को जोड़ने के लिए <video> tag का इस्तेमाल होता है। video file जैसे की कोई video clip या कोई video recording किसी वेबसाइट में दिखाना हो तो, html में <video> tag के जरिये कर सकतें हैं।

पुराने browsers video tag को support नहीं करते। नए browsers कुछ video formats को support करती है

.There are 3 Supported Format : MP4, ogg, WebM

Attribute	Value	Description
autoplay	autoplay	html page load होते ही या फिर html page refresh होते ही, उसमे लगी video file automatic play हो, उसके लिए autoplay attribute लगायी जाती है |
controls	controls	video file को html में run होने के लिए controls attribute लगाना जरुरी होता है| इसके बिना video tag काम नहीं करेगी|
height	pixels	किसी file को सही layout देने के लिए width और height की जरुरत होती है| इसीलिए video file की height सेट करने के लिए height attribute का इस्तेमाल किया जाता है
loop	loop	loop attribute से video file बार बार चलता रहेगा
muted	muted	इस attribute से video file mute होकर play होगी| आप sound option पे click करके इसे volume दे सकते हैं|
src	URL	Specifies the URL of the video file
width	pixels	width attribute से video file की width यानि चौडाई सेट कर सकते हैं browser में video file को सही layout में रखने के लिए width attribute मददकरती है
Poster	url	poster attribute से video file में कोई thumbnail लगा सकतें हैं| वैसे आपने देखा होगा video file play होने से पेहले एक thumbnail आती है जिससे video किस तरह की है पता चलता है| वैसे ही html में video में thumbnail लगाने के लिए इसी attribute का इस्तेमाल किया जाता है|
Preload	Auto, none, metatag	preload attribute से video file के icons को control किया जाता है | इस attribute के 3 values होतें हैं वो है 1. auto, 2.metatag, 3.none

Syntax:-<video attributes>

<source src="video filename" type="file type">

</video>

HTML5 Tag:-

6. Source Tag:-

किसी भी webpage में कोई audio या video add करने के लिए आप <audio> और <video> tags use करते है। इन tags में src attribute के द्वारा आप उस media file की location specify करते है जिसे आप include करना चाहते है। ये एक simple process है जैसा की आप images को add करते समय करते है।

<audio>

<source>

<source>

</audio>

Attribute	Value	Description
src	URL	जब आप <source> tag को video और audio tags के साथ use करते है तो यह attribute media resources की location define करने के लिए use किया जाता है
type	Media type	यह attribute media resource का MIME type define करने के लिए use किया जाता है।

7. Embed tag:-

यदि आप अपने webpage में कोई multimedia file add करना चाहते है जैसे की audio, video या flash आदि तो इसके लिए HTML आपको <embed> tag provide करती है। इस tag को यूज़ करते हुए आप अपने webpage में आसानी से कोई भी multimedia file add कर सकते है। यदि आपने कोई video add किया है तो उसके लिए play, pause आदि controls browser द्वारा automatically provide किये जाते है।

Attributes

Attributes	Description
src	इस attribute के द्वारा आप उस file का address देते है जिसे आप webpage में include करना चाहते है।
height	इस attribute द्वारा create किये गए panel की height define की जाती है।
width	ये attribute create किये गए panel की width define करता है।

Attributes	Description
type	इस attribute से आप include की गयी file का type define कर सकते है।

HTML 5 Tag:-

8. Object Tag:-

<object> tag एक embedded object को define करता है। इस element का use document में विभिन्न प्रकार की वस्तुओ को embed करने के लिए किया जाता है।

9. Picture Tag:-

इस टैग के माध्यम से अलग-अलग स्क्रीन के हिसाब पिक्चर सेट कर सकते हैं।

10. SVG Tag:-

किसी web page में graphics define करने के लिए HTML5 Canvas के अलावा SVG technology भी provide करती है। SVG का पूरा नाम scalable vector graphics है। यह एक XML based image format होता है। SVG को web pages में two dimensional vector based graphics draw करने के लिए use किया जाता है।

किसी webpage में graphics draw करने के लिए World Wide Web Consortium (W3C) SVG technology को ही recommend करता है। SVG आपको paths, boxes, circles, text और graphics images draw करने के लिए कई methods provide करती है।

Syntax: <svg width="" height=""><graphics tag and its attributes></svg>

<svg> container में graphics create करने के लिए अलग अलग graphic tags available है।

- <line> – Line draw करने के लिए।
- <circle> – Circle draw करने के लिए।
- <rect> – Rectangle draw करने के लिए।
- <polygon> – Polygon draw करने के लिए।
- <text> – Text draw करने के लिए।

HTML5 Tag:-

11. Meter Tag:-

किसी known range में एक measurement को represent या indicate करने के लिए HTML5 का <meter> tag use किया जाता है। एक Known range उस range को कहा जाता है जिसकी एक minimum value होती है और एक maximum value होती है।

<meter> tag को कभी भी progress bars की तरह progress represent करने के लिए नहीं use किया जाना चाहिए। Webpage में progress bar create करने के लिए आपको <progress> tag use करना चाहिए।

Syntax

<meter>Text</meter>

Attributes

